एक नजर में

नशा मुक्ति और प्राथमिक उपचार जागरूकता के साथ विश्व रेड क्रॉस दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

बुरहानपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बुरहानपुर द्वारा सेवा सप्ताह अंतर्गत रेणुका कृषि उपज मंडी परिसर में अधिकारियों.कर्मचारियों एवं मजदूरों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता एवं प्राथमिक उपचार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इससे बचने के उपाय बताए गए। शिविर में युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। शिविर में घर एवं कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं के दौरान अस्पताल पहुंचाने से पूर्व दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान फर्स्ट एड किट में आवश्यक सामग्री, घायल व्यक्ति की सहायता करने के सही तरीके तथा आपातकालीन परिस्थितियों में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इसकी जानकारी देकर उपस्थितजनों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी मध्यप्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य डॉ.मनोज अग्रवाल,डॉ.हीरेन पटेल एवं डॉ.खुशबू पारेख,चेयरमैन सुमित बोरले, कोषाध्यक्ष कपिल गुप्ता, प्रभाकर महाजन, संतोष श्रॉफ ,मनोज मुंशी,मुकेश पुर्वे,अताउल्लाह खान,राज़ीक हुसैन अंसारी,सत्यनारायण लड्डा सहित अन्य द्वारा सहयोग किया गया।

विश्व रेड क्रॉस दिवस एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आज

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बुरहानपुर द्वारा रेड क्रॉस सप्ताह अंतर्गतए विश्व रेड क्रॉस दिवस दिनांक 8 मई 2026 को प्रात: 10.00 बजे से स्थान रेड क्रॉस भवन जय स्तंभ बुरहानपुर मैं मनाया जाना है तथा इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्रीहर्ष सिह भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बुरहानपुर द्वारा अधिक से अधिक रक्तदान करने की बात कही है।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए अभियान के तहत ब्लैक स्पॉट पॉइंट किए चिह्नित

बुरहानपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं नागरिकों में जिम्मेदार यातायात व्यवहार विकसित करने के उद्देश्य से बुरहानपुर पुलिस द्वारा जिले भर में व्यापक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान केवल नियमों के पालन तक सीमित न रहकरए प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व बनता जा रहा है। अति.पुलिस अंतर सिंह कनेश के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन आज दिनांक 07/05/2026 को सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर एवं मैनेजर अभिलाष धनोरिया और परिशोधन कार्य हेतु नामित एजेंसी के अधिकारियों के साथ भ्रमण कर स्थान चिह्नित किए गए जिस पर जल्द ही सुधार कार्य शुरू होंगे। बुरहानपुर से देढ़तलाई मार्ग ग्राम शेखपुरा तक दुर्घटना संभावित क्षेत्र एवं ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करवाया गया जहाँ जल्द ही रेक्टिफिकेशन का काम शुरू हो जाएगा जिसमे रंबल स्ट्रिप ए व्हाइट मार्किंग ए कैट आई ;ब्लिंकर द्ध दिशा सूचक और दुर्घटना संभावित क्षेत्र एक बोर्ड लगाये जायेंगे जिसमें जैनाबाद फाटा , दरियापुर बस स्टैंड , अंबाडा फाटा , शनि मंदिर , बिजौरी फाटा, मोंदरा पुलिया, इंडेन गैस एजेंसी के पास देढ़तलाई , देढ़तलाई पब्लिक स्कूल के पास टर्न , ग्राम दाहिना , शेखपुरा बस स्टैंड पॉइंट निर्धारित किए गए हैं। निरीक्षण दौरान सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर एवं मैनेजर अभिलाष धनोरिया खकनार, बकोरिया और थाना शिकारपुरा से भ्ब् रफीक ख़ान ने साथ में रहकर दुर्घटना दुर्घटना संभावित क्षेत्र को चिन्हित करवाया गया।

घाघरला की राशन दुकान में ईल्ली वाले चावल

नेपानगर। बुरहानपुर जिले के नेपानगर क्षेत्र स्थित ग्राम घाघरला की एक राशन दुकान में गुरुवार को कीड़े और इल्लियों वाला बदबूदार चावल पहुंचने का मामला सामने आया है। खराब चावल देखकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध दर्ज कराया। हालांकि जिला खाद्य विभाग और दुकान संचालक ने स्पष्ट किया है कि यह खराब चावल किसी भी हितग्राही को वितरित नहीं किया गया है और इसे वापस आपूर्ति निगम को लौटाया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि राशन दुकान में वितरण के लिए पहुंचा चावल इंसान के खाने योग्य नहीं है। इसमें से तेज बदबू आ रही हैए चावल के दाने टूटे हुए हैं और मरी हुई इल्लियां व कीड़े भी साफदिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि इस तरह का दूषित अनाज खाने से गांव में बीमारियां फैल सकती हैं, जिसके बाद उन्होंने दुकान पर अपना विरोध दर्ज कराया।

खाद्य अधिकारी बोलीं. नया और ताजा माल मंगवाया जाएगा:–मामले की शिकायत मिलने पर जिला खाद्य अधिकारी अर्चना नागपुरे ने तुरंत आपूर्ति निगम के अधिकारियों से बात की। उन्होंने बताया कि सेल्समैन ने समझदारी दिखाते हुए यह खराब माल किसी भी व्यक्ति को वितरित नहीं किया है। अब यह पूरा माल आपूर्ति निगम को वापस भेजा जा रहा है और इसके स्थान पर वितरण के लिए नया व ताजा चावल मंगवाया जाएगा। गाड़ी बुलाकर वापस लौटाए जा रहे कट्टे:– घाघरला की राशन दुकान के संचालक चरण सिंह राठौड़ ने भी इस बात की पुष्टि की है कि सप्लाई में आया चावल खराब है। उन्होंने बताया कि वितरण से पहले जांच के लिए आठ से दस कट्टे खोलकर देखे गए थे, जिनमें इल्लियां और बदबू पाई गई। इसके बाद तत्काल माल वापस भेजने के लिए गाड़ी बुला ली गई है और खराब चावल को लौटाया जा रहा है।

चुनावी हार की खीज निकाल रही तृणमूल कांग्रेस : विधायक चिटनिस

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मौजूदगी में बुरहानपुर में आयोजित भाजपा के भव्य विजयोत्सव–जन विश्वास का उत्सव के बाद पश्चिम बंगाल में हुई हिंसक घटना पर विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी की निर्मम हत्या की घटना को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस का हिंसक और क्रूर चेहरा एक बार फिर देश के सामने उजागर हुआ है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए को मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में बुरहानपुर में भाजपा का भव्य विजयोत्सव उत्साह एवं गौरव के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक अंदाज में झालमुड़ी वितरण कर लोकतंत्र की इस ऐतिहासिक जीत का स्वागत किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ते जनविश्वास का उत्सव मनाया।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और राष्ट्रहित की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा बंगाल में मिली विजय जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति को मजबूत कर रही है तथा आने वाले समय में विकास की यह यात्रा और तेज होगी।

इस अवसर पर अर्चना चिटनिस ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली यह विजय देश की जनता द्वारा विकासए सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर लगाए गए विश्वास की स्पष्ट अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसके कारण जनता भाजपा एवं एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी दिखाई दे रही है।

भाजपा के राज में सबको मिल रहा योजनाओं का लाभ

विधायक चिटनिस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। गरीबए किसानए युवाए महिलाएं और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं। यही कारण है कि जनता लगातार भाजपा पर अपना विश्वास व्यक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में मिली सफलता भाजपा की संगठन शक्तिए कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के स्नेह का परिणाम है, लेकिन विजयोत्सव के कुछ ही समय बाद पश्चिम बंगाल से आई एक दुखद खबर ने पूरे माहौल को गमगीन कर दिया।

भय और आतंक फैला रही तृणमूल कांग्रेस

पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी की तृणमूल कांग्रेस से जुड़े गुंडों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्रीमती चिटनिस ने कहा कि राजनीतिक हिंसा,भय और आतंक के माध्यम से विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र की मूल भावना पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस चुनावी हार की खीज निकाल रही है। अगर वे चुनाव जीत जाते तो खून की नदियां बहा देते। राजनीतिक प्रतिशोध और हिंसा की राजनीति लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है तथा बंगाल में लगातार भय और आतंक का वातावरण बनाया जा रहा है। अर्चना चिटनिस ने कहा कि गत विधानसभा चुनावों के दौरान संगठन की ओर से उन्हें पश्चिम बंगाल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने स्वयं वहां का भयावह वातावरण देखा है। चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच लगातार डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था।

उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होने और उनके वापस लौटने के बाद भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के घरों में आग लगा दी गई थी। यह घटनाएं बताती हैं कि पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक अधिकारों को किस प्रकार कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे मजबूत लोकतांत्रिक देश में हिंसा और हत्या की राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में लगातार सामने आ रही घटनाएं वहां की बिगड़ती कानून व्यवस्था और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन को दर्शाती हैं। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हो सकते हैंए लेकिन हिंसाए हत्या और आतंक के जरिए जनता एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को डराने का प्रयास किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता। चिटनिस ने दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की कि राज्य सरकार को तत्काल प्रभाव से निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलानी चाहिए, ताकि लोकतंत्र की मर्यादा और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

बुरहानपुर की श्रेया कपूर बनीं डॉक्टर

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । शहर के साधारण परिवार में जन्मी श्रेया कपूर ने शासकीय अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज विदिशा से एमबीबीएस परीक्षा पास कर दो गोल्ड मेडल प्राप्त किये स श्रेया ने एमबीबीएस डॉक्टर बन परिवारए समाज एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया।

इस उपलब्धी पर डॉ. अरुण कपूर, संदीप कपूर, डॉ दिव्येश लाड,अपना चैंबर संचालक नीरज कक्कड़, डॉ निमीशा कक्कड़ लाड, चार्टर्ड अकाउंटेंट मुस्कान कक्कड, चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल छाबडियाए खत्री समाज अध्यक्ष जगदीश कपूर, मनीष महेंद्र,सुनील

कक्कड़, अरुण राजे एवं शहर के प्रतिष्ठित लोगों ने शुभकामनाएं दी। यह उपलब्धि पूरे शहर के लिए गर्व की बात है ।

निरीक्षण में गंदगी मिलने पर होटल–दुकानदारों पर 15 हजार का जुर्माना

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 26 के अंतर्गत नगर निगम अपनी तैयारी में लगा हुआ है । निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव अपनी निगम टीम के साथ सुबह शहर में भ्रमण पर निकले निरीक्षण के दौरान इकबाल चौक,सुभाष चौक,पाला बाज़ार,मंडी क्षेत्र में दुकानदारों होटल संचालकों द्वारा रोड़ दुकान के सामने गंदगी कर अतिक्रमण किया गया था नगर निगम द्वारा जुर्माना लगा कर चालानी कार्रवाई की गई।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव एवं सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा द्वारा मार्केट एरिया में भ्रमण किया गया भ्रमण के दौरान सभी

दुकान व्यवसाय करने वालों द्वारा रोड पर अतिक्रमण एवं गंदगी करने सभी पर 15000 की चालानी कार्रवाई की गई एवं सिंगल यूज पॉलिथीन जब्ती की गई। नगर निगम स्वच्छता के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर भारी जुर्माना लगाने का प्रावधान किया है, नए नियमों के अनुसार, सड़क,दीवार या सार्वजनिक स्थल को गंदा करने पर स्पॉट फाइन लगाया जा रहा है।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र में गंदगी करनेए पोस्टर लगाने या अवैध रूप से कचरा फेंकने पर जुर्माना लगाया जा रहा है।

यह कार्रवाई नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग और शहर को स्वच्छ बनाने के लिए की जा रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे गीला और सूखा कचरा अलग–अलग करके निगम के वाहनों में ही डाले।

निरीक्षण कार्यवाही के दौरान सहायक यंत्री गोपाल महाजन, अतिक्रमण प्रभारी संजय तिवारी,उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिल,उप यंत्री सौरव वर्मा,संतोष सोनोने, सुपर वाइजर अजय कनाडे, विजय राय सरदार, राजकुमार कनाडे, विक्की कुरील, अजय भाई, सुजीत वानखेडे, पिंटू दामोदरे और समस्त सफाई संरक्षक उपस्थित थे।

कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री से की वरिष्ठता और कैशलेस की मांग

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के ने बताया गया कि हम लोग विगत 20–25 वर्षों से सेवारत हैं। हम लोगों की प्रथम नियुक्ति दिनांक किसी शिक्षक कर्मचारी की 1990 हैं। किसी की 1992, 1995, 1998 , 2005 तक है, लेकिन शासन का शिक्षा विभाग हम लोगों की वरिष्ठता आईएफएमएस पोर्टल पर 2018 से बता रहा है जिसके कारण हमारी वरिष्ठता 20 से लेकर 25

वर्ष तक की शून्य बताई जा रही है ।

यही समस्या अन्य विभागों में भी है जैसे की मंडी बोर्ड भोपाल जबकि सेवा पुस्तिका में और सरकारी कागज में प्रथम नियुक्ति दिनांक 1990 से लेकर 2005 तक बता रहा है, जिसके कारण हमारा बहुत नुकसान हो रहा है इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री जी से कैशलेस सुविधा की चर्चा की गई संयुक्त मोर्चा के सभी साथियों ने कहा कि प्रदेश के 12 से 13 लाख शिक्षक कर्मचारी, पेंशनर, अधिकारी के लिए कैशलेस सुविधा लागू कर दीजिए ,ताकि गंभीर बीमारी में आर्थिक रूप से कमजोर कर्मचारियों, अधिकारियों को इसका लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा इस पर इस संबंध में कार्रवाई जारी है और बहुत जल्दी कैबिनेट की बैठक में कैशलेस सुविधा का प्रस्ताव लिया जाएगा और प्रदेश के सारे कर्मचारी अधिकारियों को इसका लाभ प्रदान किया जाएगा। मैं भी चिंतित हूं हमारे प्रदेश के कर्मचारियों, अधिकारियों के प्रति ताकि उनको गंभीर बीमारियों में कैशलेस सुविधा का लाभ मिल सके। इस अवसर पर संयुक्त समस्या के जिला अध्यक्ष डॉ अशफाक खान, सदानंद कापसे, राजेश साल्वे ,अनिल बाविस्कर, धर्मेंद्र चौक से उपस्थित थे।

ब्लड बैंक कर रही रक्तदान के लिए जागरूक

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । बुरहानपुर में जिला अस्पताल की ब्लड बैंक ने रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल शुरू की है। गुरुवार से शहर में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत एक वैन सार्वजनिक स्थानों जैसे सिनेमाघर और मॉल में पहुंच रही है। यहां कर्मचारी घोषणाओं के माध्यम से आम जनता से रक्तदान की अपील कर रहे हैं। इस अभियान का नेतृत्व जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ.गौरव थवानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह वाहन शासन द्वारा उपलब्ध कराया गया है और इसके डीजल की व्यवस्था भी वहीं से होती है। हालांकिए अभियान को जून तक जारी रखने के लिए आवश्यकता पड़ने पर वे अपने खर्च पर भी डीजल भरवाएंगे।

गुरुदेव डॉ . जयंत आठवले का जन्मोत्सव मनाया

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। सनातन संस्था की ओर से गुरु कृपा से परमपूज्य गुरुदेव सच्चिदानंद परम ब्रह्म डॉ जयंत आठवले जी के जन्मोत्सव निमित्त लालबाग में विट्ठल रुकमाई के मंदिर में प्रवचन और हिन्दू राष्ट्र की प्रतिज्ञा की सेवा गुरूदेव जी ने करवाकर ली, प्रवचन की सेवा श्री सचिन देसाई भैया ने और राम राज्य की प्रतिज्ञा श्रीमती कविता पटेल ने तथा सूत्र संचालन की सेवा सौ पिंकी महेश्वरी ने की। गुरु देव जी ने यह सेवा सभी साधकों से भावपूर्ण रुप से करवाकर ली ।इसलिए परम पूज्य गुरुदेव जी के चरणों में अनंत कोटि कृतज्ञता ।इस अवसर पर 22 महिलाएं 8 पुरुष उपस्थित थे।

जनगणना 2027 अंतर्गत चार्ज शाहपुर के मकान सूचीकरण कार्य का निरीक्षण

नवभारत न्यूज,

शाहपुर। शाहपुर अंतर्गत संचालित जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य के निरीक्षण हेतु भोपाल से पधारे जिला जनगणना प्रभारी विनय श्रीवास्तव एवं जिला योजना अधिकारीए बुरहानपुर लूसिया राउत द्वारा क्षेत्र में चल रहे फील्ड कार्य का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा संबंधित भ्स्ठ के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से कार्य की प्रगति, डेटा गुणवत्ता एवं ऐप संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही जनगणना कार्य को गुणवत्ता, शुद्धता

एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

चूँकि वर्तमान में मई माह की भीषण गर्मी एवं अधिक तापमान के बीच प्रगणक एवं पर्यवेक्षक निरंतर फील्ड में कार्य कर रहे हैं, इसलिए विनय श्रीवास्तव एवं लूसिया राउत द्वारा फील्ड स्टाफ को एनर्जी ड्रिंक्स एवं आवश्यक औषधियों का वितरण कर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर चार्ज शाहपुर के चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान सहित संबंधित भ्स्ठ के प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

वर्तमान स्थिति अनुसार नगर शाहपुर में कुल 33 में कार्य प्रगति पर है, जिनमें से 29 प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों द्वारा लगभग 49.8 प्रतिशत मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अधिकारियों द्वारा कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्य को भी निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

एक नजर ▶ मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के नेतृत्व में बुरहानपुर और निमाड़ बनेगा औद्योगिक विकास का नया केंद्र

उद्योगपतियों से वन–टू–वन संवाद को बताया ऐतिहासिक पहल, निमाड़ इन्वेस्टर कॉन्क्लेव का मिलेगा लाभ

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बुरहानपुर प्रवास को निमाड़ क्षेत्र के औद्योगिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी परिणाम देने वाला कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उद्योगों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोणए संवेदनशील नेतृत्व और विकासोन्मुख सोच आने वाले समय में बुरहानपुर सहित पूरे निमाड़ क्षेत्र को औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

चिटनिस ने बुरहानपुर के समस्त उद्योगपतियों एवं उद्यमियों की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का बुरहानपुर प्रवास भले ही आकस्मिक रूप से तय हुआ हो, लेकिन विशेष बात यह रही कि उन्होंने स्वयं इच्छा व्यक्त की कि वे यहां के उद्योगपतियों से सीधे संवाद करना चाहते हैं। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि मुख्यमंत्री जी बुरहानपुर और निमाड़ क्षेत्र की औद्योगिक संभावनाओं को गंभीरता से समझते हैं और यहां निवेश, रोजगार तथा उद्योगों के विस्तार को लेकर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय.समय पर उद्योगों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर मुख्यमंत्री जी से निरंतर चर्चा होती रही है। इनमें श्रमिकों,लेबर से संबंधित समस्याएं, ऊर्जा विभाग से जुड़े विषय, सोलर एनर्जी के क्षेत्र में नई संभावनाएं, औद्योगिक क्षेत्रों के पहुंच मार्गों का विकास, फेयर डील् योजना के अंतर्गत मिलने वाली सब्सिडी तथा उद्योगों के विस्तार से जुड़े अनेक मुद्दे शामिल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने हमेशा इन विषयों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल की। यही कारण है कि उद्योग जगत में उनके नेतृत्व के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उद्योगपतियों के लिए वन–टू–वन संवाद हेतु समय निकालना केवल औपचारिकता नही, बल्कि यह उनके उद्योगोन्मुख दृष्टिकोण और संवेदनशील प्रशासनिक कार्यशैली

का परिचायक है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक बुरहानपुर में केवल एक औद्योगिक केंद्र थाए लेकिन आज यहां औद्योगिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। नए उद्योग स्थापित हो रहे हैंए निवेशकों की रुचि लगातार बढ़ रही है और औद्योगिक आधारभूत संरचना का विस्तार हो रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान फेयर डील अनुदान को स्वीकृति प्रदान की गई,जिससे उद्योग जगत को बड़ी राहत और प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा रेहटा.खड़कोद पहुंच मार्ग के निर्माण और सुधार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुईए जो औद्योगिक परिवहन और लॉजिस्टिक दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। सुखपुरी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर भी गंभीरता से विचार.विमर्श किया गया। वहीं मोहम्मदपुरा इंडस्ट्रियल क्लस्टर के सभी प्लॉट्स का पूर्ण रूप से बुक हो जाना यह दर्शाता है कि बुरहानपुर अब तेजी से निवेशकों की पसंद बनता जा रहा है। अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का यह प्रवास आगामी प्रस्तावित निमाड़ इन्वेस्टर कॉन्क्लेव की पूर्व तैयारी के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले दो से तीन महीनों में बुरहानपुर एक सफल, ऐतिहासिक और दूरगामी परिणाम देने वाले औद्योगिक आयोजन का साक्षी बनेगा। यह कॉन्क्लेव केवल निवेश आकर्षित करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे निमाड़ क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की नई आधारशिला रखेगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित निमाड़ इन्वेस्टर कॉन्क्लेव से केवल बुरहानपुर ही नहीं,बल्कि खरगोन, खंडवा, बड़वानी सहित पूरे निमाड़ क्षेत्र को व्यापक लाभ मिलेगा। यह क्षेत्र कृषि आधारित अर्थव्यवस्था का मजबूत केंद्र है, जहां मिर्ची, गेहूं, चना और सोयाबीन जैसे कृषि उत्पादों की अपार संभावनाएं हैं। यदि इन कृषि उत्पादों पर आधारित उद्योग विकसित होते हैं तो किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और युवाओं को अपने क्षेत्र में ही स्वरोजगार एवं रोजगार उपलब्ध हो सकेगा।

हाईवे से कनेक्टिविटी का मिलेगा लोगों को लाभ

चिटनिस ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र के लोग स्वभाव से उद्यमशील हैं। यहां उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण, पर्याप्त श्रमशक्ति और आवश्यक प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी होने के कारण यहां से देश के किसी भी हिस्से तक माल का परिवहन आसानी से किया जा सकता है। चाहे पोर्ट तक पहुंच हो या एयरपोर्ट से कनेक्टिविटीए निमाड़ क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। दक्षिण भारत को मध्यप्रदेश से जोड़ने वाला प्रवेश द्वार होने के कारण यह क्षेत्र औद्योगिक निवेश के लिए स्वाभाविक रूप से उपयुक्त बनता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव का निमाड़ इन्वेस्टर कॉन्क्लेव केवल एक सरकारी आयोजन नहींए बल्कि पूरे क्षेत्र के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देने वाला महत्वाकांक्षी अभियान है। यह आयोजन आने वाले वर्षों में निमाड़ को मध्यप्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री डॉ .यादव के नेतृत्व मार्गदर्शन और विकासोन्मुख सोच के साथ बुरहानपुर और पूरा निमाड़ क्षेत्र काफी तरक्की करेगा।